**खबर संक्षेप**

### खेतों में बने घरों, कोठों में नहीं मिल रही है बिजली

मोहगांवहवेली। एक ओर सरकार विकास और चौबीसों घंटे बिजली का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर ग्राम सिंगपुर, कोपरावाडी, बानाबाकोडा और गांगतवाड़ा के किसान घोर अंधेरे में जीवन जीने को मजबूर हैं। खेतों में बने घरों और मवेशियों के कोठों में रात के समय मात्र 4 घंटे बिजली मिलने के कारण किसानों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों नगर पंचायत परिषद मोहगांव हवेली अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने इस गंभीर समस्या को उठाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। परंतु लंबा समय गुजर जाने के बावजूद भी अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। पिपला नारायणवार पावर स्टेशन से इन क्षेत्रों में बिजली सप्लाई की जाती है। 10 घंटे बिजली का नियम बताकर बिजली विभाग कभी भी कटौती कर देते है, जिससे रात के अंधेरे में किसानों, उनके बच्चों और दुधारू पशुओं पर हर पल खतरा मंडराता रहता है। चर्चा के दौरान खेतों में रहने वाले ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में रहने से जंगली जानवरों का भय सताता है। हाल ही के दिनों में कई मवेशियों और बैलों को जंगली जानवरों द्वारा शिकार बनाए जाने की घटनाएं सामने आई हैं। इसके अलावा, अंधेरे के कारण जहरीले सांपों और बिच्छुओं से भी जान का जोखिम बना हुआ है। चर्चा के दौरान एड देवेंद्र ढोबले ने बताया अन्य फीडरों में 24 घंटे बिजली दी जा सकती है।

## मुख्य आरोपी काजू की तलाश तेज, कोयलांचल क्षेत्र का है मामला

# नाबालिग के अपहरण मामले में पुलिस का कसता जा रहा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

कन्हान कोयलांचल क्षेत्र में नाबालिग बालिका के अपहरण का सनसनीखेज मामला अब पुलिस के लिए प्रतिष्ठा का विषय बन गया है। बीते 12 दिनों से फरार मुख्य आरोपी शेख अरशद उर्फ काजू की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है और उसके पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मामले में अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5 हजार का इनाम भी घोषित किया गया है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के कुख्यात बदमाश शेख अरशद उर्फ काजू पर आरोप है कि वह एक नाबालिग बालिका को उसके घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही है, लेकिन आरोपी अभी तक गिरफ्त से बाहर है। हालांकि पुलिस ने उसके सहयोगियों पर शिकंजा कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है।



पुलिस ने पहले चरण में आरोपी के पांच सहयोगियों अरशद अहमद, अब्बू हमजा, शेख नूरन, प्रतीक वासनिक और विश्वास उर्फ ऋषि ठाकुर के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें जिला जेल भेज दिया था। वहीं मंगलवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी के करीबी सहयोगी फैजल जमाल को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) एवं 49 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक अन्य सहयोगी शेख अलश उर्फ दादू पर भी जल्द बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

जिला पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशन, एसडीओपी सुनील बरकड़े के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जे. मसराम के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि आरोपी अधिक दिनों तक कानून से बच नहीं पाएगा और जल्द ही गिरफ्त में होगा।

इस बीच मामले को लेकर क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाया है। संगठनों का कहना है कि नाबालिग बालिका की सुरक्षित बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब पीड़ित परिवार ने कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी। परिजन थाने तक पहुंच गए थे, लेकिन पुलिस अधिकारियों की समझाइश और त्वरित कार्रवाई के आश्वासन के बाद उन्होंने अपना निर्णय वापस ले लिया।इधर पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने फरार आरोपी शेख अरशद उर्फ काजू की गिरफ्तारी या उसके संबंध में पुख्ता सूचना देने वाले व्यक्ति के लिए 5 हजार के इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

जुन्नारदेव पुलिस का मानना है कि आरोपी के लगातार सिमटते नेटवर्क और सहयोगियों पर हो रही कार्रवाई के चलते उसकी गिरफ्तारी अब केवल समय की बात है।

### बोरदेही से गुम युवती , परासिया स्टेशन में मिली

परासिया : बोरदेही से गुम एक 17 वर्षीय युवती परासिया रेलवे स्टेशन में मिली । जिसे उसके परिजनों को सौंपा गया । युवती की गुमशुदगी बोरदेही में दर्ज कराई गई थी । सोमवार 09 जून को दोपहर करीब 12 परासिया रेलवे पुलिस को बोरधई पुलिस स्टेशन से कॉल आया , कि एक नाबालिक युवती जिसकी उम्र 17 वर्ष है , जिसके परासिया रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में स्टेशन के पीछे बैठी होने की सूचना है । जिसके बाद सब इंस्पेक्टर पंचम के कहने व हुलिया बताए जाने पर पहचान कर सफाई कर्मी लेडी दीपिका व पूनम के साथ स्टेशन के पीछे बैठी युवती से पता पूछने व उक्त फुटेज क्लियर करने के बाद सेम नाम एंड एड्रेस मिलने पर बोरदेही पुलिस को सूचना देने पर सब इंस्पेक्टर श्री पंचम अन्य स्टॉफ के साथ उपस्थित हुए उनके साथ उक्त युवती के बड़े मामा भाई व बड़े पापा भी आए जिनके साथ युवती को घर भेजा गया ।

## तहसीलदार और पटवारी रहे मौजूद

# कार्रवाईः नांदेकर की अवैध कालोनी पर चली जेसीबी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज शाम यहां संतोषीमाता वार्ड के आगे लिटिल फ्लॉवर स्कूल के करीब एक अवैध कालोनी में आज एसडीएम अलका एक्का ने स्वयं उपस्थित होकर जेसीबी के माध्यम से अवैध निर्माण ढहा दिए। एसडीएम ने जानकारी दी कि, यह कालोनी किसी राकेश नांदेकर की है। इस कालोनी में बिना विकास अनुज्ञा के सीमेंट की नाली बनाई गई है।

इसके सिवाय इस अवैध ले आउट में कच्ची सडकें बनाई गई है जिन्हें पक्का किए जाने की पूरी तैयारी मौके पर दिख रही थी। ले आउट में लगाए जा रहे बिजनी के खंभे भी हटा दिए गए। इसके अलावा प्लॉट काटे जाने के सारे चिन्ह साफ जाहीर हो रहे थे। एसडीएम ने कहा कि, हमने म. प्र. शासन के नियमानुसार अवैध कालोनी में किए जा रहे निर्माण को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इस कालोनी पर विधिवत कानूनी कारवाई की जाएगी। इस मौके पर कार्यवाहक तहसीलदार अश्वीनी गोहिया पटवारीगण मौजूद रहे।

# खनिज अधिकारी के वाहन के आगे अड़ाई बाइक, अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

अवैध रेत परिवहन , उत्खनन के खिलाफ लगातार दबिश और कार्रवाई होने के बावजूद इस कारोबार से जुड़े लोगों के हौसले पस्त होते नजर नहीं आ रहे हैं , उल्टा ये लोग अधिकारियों को आँख दिखाने और डराने धमकाने से भी नहीं डर रहे हैं । इसकी एक बानगी सोमवार रात सामने आई । अवैध रेत से बारे ट्रैक्टर का पीछा कर रही खनिज अधिकारी के वाहन के आगे एक ने बाइक अड़ाई और उसके साथी ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए ।

मिली जानकारी के अनुसार जिला खनिज अधिकारी स्नेहलता ठवरे अपनी टीम के साथ शिवपुरी थाना क्षेत्र के लोहाँगी में सोमवार रात करीब 9 बजे दबिश देने पहुंची । अधिकारी का वाहन देख नदी से एक ट्रैक्टर जो रेत से भरा हुआ था , चालक उसे लेकर भागने लगा , अधिकारी ने अपने वाहन से उसका पीछा किया । तभी ट्रैक्टर चालक के एक अन्य साथी ने खनिज अधिकारी के वाहन के आगे अपनी बाइक अड़ा दी । जिससे ट्रैक्टर को फरार होने का मौका मिल गया । उसके बाद बाइक सवार भी अपनी बाइक लेकर भाग गया । खनिज अधिकारी ने बताया, कि ट्रैक्टर नीले रंग का था । अंधेरा होने के कारण ट्रैक्टर का नंबर भी नहीं दिखा , वहीं बाइक सवार भी पहचान में नहीं आया । उन्होंने इसकी जानकारी शिवपुरी पुलिस को दी । इस घटना को लेकर सोमवार को सोशल मीडिया और व्हाट्सप्प ग्रुप में खूब चर्चाएं हुई । इस मामले में एक जनप्रतिनिधि का नाम भी उछाला गया ।

### दो गुटों की आपसी लड़ाई

बताया जा रहा है , कि अवैध रेत के कारोबार से जुड़े दो गुटों की आपसी लड़ाई के चलते इस मामले में नाम उछाले जा रहे हैं । इस घटना का ताल्लुक किस गुट से है यह तब ही पता चल पाएगा , जब इस घटना की बारीकी से जांच होगी । बहरहाल जो घटना हुई है , उस से ऐसा लग रहा है , कि रेत माफिया किसी भी हद तक गुजर सकते हैं ।

### सांसद ने जिले के अंतिम छोर के गांव खारा में लगाई चौपाल और गांवों में किया जनसंपर्क

छिन्दवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू छिंदवाड़ा जिले के अंतिम छोर में रहने वाले ग्रामीणों को भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हे योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी लेने के लिए ग्रामीणों के बीच पहुंचकर चौपाल लगाते हुये ग्रामीणों से चर्चा भी कर रहे है। सांसद ने छिंदवाड़ा जिले के अंतिम छोर के गांव खारा में चौपाल लगाते हुये आदिवासी भाई-बहनों एवं ग्रामीणों से चर्चा की, इस दौरान सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उसके निराकरण के निर्देश भी दिये। उन्होंने कुछ समस्याओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से मोबाईल पर चर्चा करते हुये समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश भी दिये है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि अंतिम छोर में रहने वाले ग्रामीणों को भी हर योजनाओं की जानकारी के साथ ही उसका लाभ भी दिया जाये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इसी मंशा के अनुरूप ही सांसद बंटी विवेक साहू भी छिंदवाड़ा जिले के अंतिम छोर में बसे गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से जनसंपर्क कर रहे है। इसी के तहत सांसद बंटी विवेक साहू ने मोदी सरकार के सफलतम 12 वर्ष विकास के, विश्वास के एवं जनकल्याण को लेकर मंगलवार को जुन्नारदेव विधानसभा के अंतिम छोर के गांव खारा में जहां चौपाल लगाई वही गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याएं सुनकर उसका निराकरण भी किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती तुलसा परतेती, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश साहू, मंडल अध्यक्ष नितेश पटेल, मंडल महामंत्री लेखराम राय, किरण पंद्रे, पूर्व मंडल अध्यक्ष बालकदास चौहान, सुनील मर्सकोले, शरद साहू, जगदीश राय, प्रभुदयाल पाल, राकेश राय सहित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, गांवों के सरपंच, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। सांसद बंटी विवेक साहू ने मंगलवार को माहुलझिर के ग्राम खारा में चौपाल लगाते हुए शासकीय योजनाओं में लाभान्वित हितग्राहियों एवं आमजनों के साथ चर्चा की।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायत पर कार्रवाई, अतिक्रमण हटाकर सामान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार कलेक्टर जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम अमले द्वारा संबंधित स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर अतिक्रमण कर रखी गई गुमठी एवं अन्य सामान को जब्त कर फटका मशीन परिसर में सुरक्षित रखवाया गया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने नागपुर रोड स्थित बड़बन क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहां पूर्व में हटाई गई गुमठियों को दोबारा स्थापित किए जाने की संभावना को देखते हुए मुनादी (घोषणा) कराई गई। मुनादी के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि उक्त स्थल पर पुनः गुमठियां स्थापित न की जाएं तथा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा, दावा-आपत्ति की अवधि 15 जून तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों के तहत राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण एवं अद्यतन कार्य की समीक्षा हेतु एसडीएम सुधीर जैन ने नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय की उपस्थिति में नगर निगम सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की प्रगति, दावा-आपत्ति की संशोधित अवधि तथा प्राप्त आवेदनों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य दावे-आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि बढ़ाकर 15 जून तक कर दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पूर्व में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की सहायता लेकर मतदाता सूची को अधिक से अधिक त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जाए। साथ ही अपात्र एवं मृत व्यक्तियों के नामों का नियमानुसार विलोपन सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम श्री जैन ने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है, विशेषकर विवाह के बाद नगर क्षेत्र में निवास करने वाली महिलाओं अथवा अन्य कारणों से जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, तो वे अपने संबंधित वार्ड के निर्धारित मतदान केंद्रों पर जाकर आवश्यक आवेदन प्रस्तुत करें।

## शराब आंदोलन पर लग रहे आरोप प्रत्यारोप

# आश्वासन के बाद शराब दुकान धरना आंदोलन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



नगर के बस स्टैंड पर संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर पिछले 11 दिनों से चल रहा कांग्रेस और ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन फिलहाल एक नए पड़ाव पर पहुँच गया है। विधायक विजय चौरे के नेतृत्व में शुरू हुआ यह आंदोलन मंगलवार को समाप्त हो गया है। लगातार 11 दिनों तक चले भजन-कीर्तन और चक्का जाम के बाद धरना स्थल पर जारी था।

इधर कांग्रेस नेताओं ने साफ कर दिया है कि यह आंदोलन खत्म नहीं, बल्कि और तेज होंगा। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने स्पष्ट किया है कि अब आंदोलन शराब दुकान के सामने सीमित न रहकर ग्रामीण क्षेत्रों में फैल जाएगा। अब कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। 11 दिनों के अनवरत धरने के अचानक स्थगित होने के बाद पिपला सौसर क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाओं का बाजार गर्म है। जहां एक ओर विपक्ष इसे आंदोलन की विफलता के रूप में देख रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस इसे एक सोची-समझी रणनीति बता रही है। क्या गांव-गांव जाकर चलाया जाने वाला यह जन जागरण अभियान सरकार और प्रशासन को शराब दुकान हटाने पर मजबूर कर पाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा, परंतु कांग्रेस एवं ग्रामीणों के द्वारा 11 दिनों तक लगातार शराब दुकान हटाने को लेकर संघर्ष करने के बावजूद भी कोई सफलता नहीं मिलने पर आंदोलन कारियो में निराशा ओर विपक्षी खेमे में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

### पुलिस प्रशासन की सख्तीः 17 पर दर्ज हुई एफआईआर

चक्काजाम आंदोलन के दौरान प्रशासन ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए विधायक विजय चौरे सहित 17 आंदोलनकारियों पर एफआईआर दर्ज कर दी है। कहा जा रहा है जिसके बाद से धरना आंदोलन में डाउनफॉल आना शुरू हो गया था, सोमवार रात कांग्रेस वरिष्ठ नेता पंडित गंगा प्रसाद तिवारी की मौजूदगी में बनी रणनीति के तहत, इस धरना प्रदर्शन आंदोलन को समाप्त किया गया है। 11 दिनों के धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने हुंकार भरते हुए कई बार मंच कहा है कि यह संघर्ष तब तक थमेगा नहीं, जब तक मुख्य बस स्टैंड से शराब दुकान को पूरी तरह हटा नहीं दिया जाता है। परंतु अब वह सारे नेता इस धरना आंदोलन से पिछड़ते हुए नजर आए हैं।



## भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान केवल इतिहास नहीं, राष्ट्र की चेतना है: यादव

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने जनजातीय समाज के महानायक, स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन भारत की आत्मा में बसे स्वाभिमान, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का अमिट प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब विदेशी शासन भारत की अस्मिता को कुचलने का प्रयास कर रहा था, तब जंगलों और पहाड़ों से एक युवा क्रांतिकारी ने अन्याय के विरुद्ध बिगुल फूंका। भगवान बिरसा मुंडा ने केवल अंग्रेजों से संघर्ष नहीं किया, बल्कि समाज में आत्मगौरव और स्वाधिकार की चेतना भी जगाई। उनका जीवन बताता है कि दृढ़ संकल्प और राष्ट्रप्रेम के सामने कोई भी सत्ता अधिक समय तक टिक नहीं सकती। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान केवल जनजातीय समाज की धरोहर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रेरणा है। उन्होंने अपने प्राण मातृभूमि और समाज के सम्मान के लिए समर्पित कर दिए। आज भी उनका संघर्ष हमें अन्याय, शोषण और विभाजनकारी शक्तियों के विरुद्ध डटकर खड़े होने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पहली बार अपने जनजातीय नायकों को वह सम्मान दे रहा है जिसके वे वास्तविक अधिकारी थे। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को ₹जनजातीय गौरव दिवस₹ के रूप में मनाया जाना उनके प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि उनके आदर्शों, राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और स्वाभिमान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

# कांग्रेसजन ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व वीर क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा को कांग्रेस ने नमन करते हुये उनके कृत्तिव व व्यक्तित्व को याद किया। जल, जंगल और जमीन के लिये अंग्रेजों से संघर्ष करने वाले जननायक बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि स्थानीय राजीव भवन स्थित कांग्रेस भवन में मनाई गई। सम्पूर्ण विश्व में"धरती बाबा" के नाम से विख्यात आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा जी के चरणों में कांग्रेसजन नतमस्तक हुये और देश की आजादी के लिये स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करते हुये उन्हें हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बिरसा मुंडा बलिदान दिवस मनाया गया। कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये श्री गंगाप्रसाद तिवारी ने कहा कि आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा जी का आज शहादत दिवस है। भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को एक नई दिशा देने के लिये अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। वी.डी भारती ने उदबोधित करते हुए कहा अंग्रेजों ने वीर सेनानी बिरसा मुंडा जी को रांची जेल में कैद कर रखा था, आज ही के दिन उन्होंने अंतिम सांस ली थी। कांग्रेसजन ने बिरसामुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर देशहित में उनके योगदान को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

श्री पप्पू यादव ने कहा कि धरती आबा ने आदिवासियों, शोषितों और वंचितों की आवाज बनकर जिस दृढ़ता और सीमित संसाधनों से विदेशी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह किया, उसने देश के युवाओं में राष्ट्रीयता और स्वतंत्रता की नई क्रांति का संचार किया।

आदिवासी समाज को स्वाभिमान एवं आत्मगौरव से सम्पन्न बनाने में अमूल्य योगदान देने वाले भगवान बिरसा मुंडा जी देशवासियों की स्मृति में सदैव जीवित रहेंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रेल मंत्री को लिखा अहम पत्र

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा को रेल मार्ग से प्रदेश के महानगरों व जिलों के साथ ही देश की राजधानी दिल्ली से भी जोड़ा है। ट्रेनों के विस्तार और अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन परासिया, जामई और पांढुर्ना के निर्माण का श्रेय कमलनाथ को ही जाता है। उन्होंने यात्रियों की असुविधा को गम्भीरता से दृष्टिगत रखते हुए रेल मंत्री को एक अहम पत्र लिखा है, जिसमें पेंचवेली एक्सप्रेस में आवश्यकता अनुसार कोच बढ़ाने का आग्रह किया है, ताकि यात्रियों का सफर सस्ता व सुलभ हो सके। कमलनाथ ने अपने अर्द्ध शासकीय पत्र क्रमांक 143 में उल्लेख किया कि छिन्दवाड़ा-भोपाल रेल मार्ग पर संचालित पेंचवेली एक्सप्रेस इस क्षेत्र के यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय रेल सेवा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री इस ट्रेन के माध्यम से यात्रा करते हैं। विशेष रूप से छिन्दवाड़ा, नर्मदापुरम एवं भोपाल के मध्य आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए यह ट्रेन प्रमुख साधन के रूप में स्थापित हो चुकी है। विगत कई वर्षों से यात्रियों द्वारा इस ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाए जाने की मांग की जाती रही है। वर्तमान में भी अधिकांश समय आरक्षण हेतु लंबी प्रतीक्षा सूची बनी रहती है, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। अवकाश व त्योहार के दौरान स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो जाती है। मेरे संज्ञान में आया है कि इस ट्रेन में वर्तमान में एसी कोच की संख्या यात्रियों की मांग की तुलना में पर्याप्त नहीं है, साथ ही स्लीपर श्रेणी में भी अतिरिक्त क्षमता की आवश्यकता है। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त एसी कोच तथा अतिरिक्त स्लीपर कोच उपलब्ध करा दिए जाएं, तो बड़ी संख्या में यात्रियों को राहत मिलेगी साथ ही रेल यात्रा अधिक सुविधाजनक बन सकेगी।

## आरोह ग्रीष्मकालीन कराते प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन




**जुन्नारदेव।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी कृष्णकुमार चौरसिया के नेतृत्व में 30 दिवसीय कराते प्रशिक्षण शिविर का समापन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाम्हणवारा में रेलवे टी आई गिरीश तिवारी,प्राचार्य रविंद्र यदुवंशी के आतिथ्य में सम्पन्न किया गया।ब्लॉक समन्वयक विभा तारन ने बताया शिविर के दौरान साइबर सुरक्षा,योगासन, फिजिकल फिटनेस,वृक्षारोपण, नशामुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पेंटिंग,चित्रकला एवं कराते प्रतियोगिताएं आयोजित की गई उत्कृष्ट प्रतिभाओं को टी आई गिरीश तिवारी, प्राचार्य रविंद्र यदुवंशी, गोटेफोरे जी,बलवंत इनदौरकर,उमेश यादव,सुधाकर बरबड़े द्वारा पुरस्कार ,प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर ओंकार मोहबे,विवेक पंद्राम, सोनम यदुवंशी,आरती नागवंशी ,दिनेश सिंह राठौर,सोनू उईके एवं पालक गण उपस्थित रहे विभा तारन समन्वयक एवं अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई अंत में आभार ओंकार मोहबे द्वारा व्यक्त किया गया।

## सांसद ने 4 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से दिलाई 2 लाख 40 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा लगातार आर्थिक रूप से कमजोर गरीब मरीजों की चिंता करते हुए उन्हें आर्थिक सहायता राशि दिलाई जा रही है। इसी क्रम में सांसद बंटी विवेक साहू की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से चार मरीजों को 2 लाख 40 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि स्वीकृत होने पर आर्थिक रूप से कमजोर चारों मरीजों का नागपुर और छिंदवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मरीजों के परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मोबाईल के माध्यम से संपर्क करते हुये अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों को आर्थिक सहायता दिलाने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से छिंदवाड़ा के ग्राम हिवरखेडी निवासी श्रीमती सावित्री पति बलदाऊ वर्मा को 35 हजार, छिंदवाड़ा के ग्राम मोरकला निवासी सुरेन्द्र पिता इंदर लाल भारती को 65 हजार एवं तामिया निवासी कुमारी मीना कुडोपा को 90 हजार की राशि स्वीकृत की है, इन तीनों मरीजों का इलाज छिंदवाड़ा के अस्पतालों में होगा वही पांढुर्ना निवासी दत्तात्रय पिता नामदेव राव को 50 हजार की राशि स्वीकृत की है, इनका का इलाज नागपुर के अस्पताल में होगा। गौरतलब है कि सांसद बंटी विवेक साहू से उनके सांसद कार्यालय एवं जिले के प्रवास के दौरान कई लोगों द्वारा आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया जा रहा है। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू द्वारा भी आवेदनों पर तत्काल ही गंभीरता दिखाते हुए लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा भी सीएम हाउस और मंत्रालय भोपाल भेजे जा रहे आवेदनों पर तत्काल ही कार्यवाही करते हुए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की जा रही है। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।



## विद्युत दुर्घटना में घायल सहदेव को न्याय दिलाने राष्ट्रीय नुन्हारिया मेहरा सकल समाज जनपरिषद ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय नुन्हारिया मेहरा सकल समाज जनपरिषद द्वारा विद्युत दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए श्री सहदेव कोलारे, निवासी ग्राम तिगई, तहसील परासिया, जिला छिंदवाड़ा के मामले में जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि दिनांक 26 मई को सहदेव कोलारे विद्युत वितरण केंद्र साँवरी में कार्यरत कर्मचारी प्रकाश चौरे, निवासी ग्राम पौनार, तहसील मोहखेड़, जिला छिंदवाड़ा के साथ विद्युत कार्य हेतु गए थे। कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों एवं आवश्यक सावधानियों का पालन नहीं होने के कारण उन्हें हाई वोल्टेज विद्युत करंट लग गया, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गए और घायल हो गए। घायल सहदेव कोलारे का नागपुर अस्पताल में उपचार जारी है तथा चिकित्सकों द्वारा एम.एल.सी. दर्ज की गई है। समाज परिषद ने मांग की है कि पीड़ित के संपूर्ण इलाज की व्यवस्था विद्युत विभाग द्वारा की जाए, परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए तथा नियमानुसार उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

ज्ञापन में विद्युत वितरण केंद्र साँवरी के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर लापरवाही पाए जाने पर भारतीय न्याय संहिता (BNS), विद्युत अधिनियम एवं अन्य कानूनों के तहत कठोर कार्यवाही की मांग की गई।

## कांग्रेस अर्थशास्त्र से भाग रही है, भावनाओं की आड़ में फैला रही है भ्रम : गुप्ता

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने रसोई गैस की कीमतों को लेकर कांग्रेस द्वारा जारी बयान को भ्रामक, आधा सच और राजनीतिक हताशा का दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल सिलेंडर की कीमत गिनाती है, लेकिन उन वैश्विक कारणों को छिपाती है जिनका सीधा प्रभाव ऊर्जा कीमतों पर पड़ता है। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि भारत अपनी आवश्यकता का अधिकांश कच्चा तेल और एलपीजी विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत, डॉलर की विनिमय दर, समुद्री परिवहन लागत और वैश्विक संघर्षों का सीधा असर पड़ता है। रूस-यूक्रेन युद्ध, अमेरिका ईरान युद्ध सहित पश्चिम एशिया में अस्थिरता और वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों को राहत देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह भी बताना चाहिए कि उसके शासनकाल में गैस कनेक्शन सुविधा नहीं, बल्कि विशेषाधिकार हुआ करता था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों तक गैस पहुंची है और महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है।श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस को विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा भी देखनी चाहिए। हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व की आर्थिक दिशा तय करने वाली प्रमुख शक्तियों में अमेरिका, चीन, भारत और रूस शामिल हैं।

## गंगा अहिरवार बनी अध्यक्ष और पिंकी तिलहारे सचिव एवं सरिता बनी कोषाध्यक्ष



**छिंदवाड़ाः** कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये वार्ड नंबर 11 इंदिरा नगर शिव मंदिर के पास बैठक का आयोजन कर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ की अनुशंसा एवं जिला संगठन महासचिव गुरूचरण खरे, जिला अध्यक्ष प्रकाश मेहरोलिया, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये, मीडिया प्रभारी पिंकी ढाकरिया की सहमति से शहर अध्यक्ष श्रीमती रशीका बघेल द्वारा गंगा अहिरवार को वार्ड नंबर 11 के अध्यक्ष पद पर, पिंकी तिलहारे को सचिव एवं सरिता को कोषाध्यक्ष के पर नियुक्ति करते हुये सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कमलनाथ जी एवं नकुलनाथ जी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया । इनकी नियुक्ति पर शहर अध्यक्ष विनोद काम्बली, सुमित भावरकर, रोशन इंगले, मीना लिल्हारे, उर्मिला यादव, पूजा लिल्हारे, मीना सोनी, वैष्णवी, रीया सोनकर, अंतखीया तिलहारे आदि ने बधाई दी ।

## सिंचाई की जीवनरेखा पर चला फावड़ा! किसान हितों की नहर को नुकसान पहुंचाने का आरोप, विभाग हरकत में

हरिभूमि न्यूज लांजी।



किसानों के खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के उद्देश्य से बनाई गई सिंचाई नहर को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। लांजी क्षेत्र के ग्राम भानेगांव के वार्ड क्रमांक 20 स्थित बाघ कैनाल भानेगांव माइनर नहर के एक हिस्से को खोदकर निजी उपयोग में लेने का आरोप लगने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। शिकायत मिलने पर जल संसाधन विभाग ने जांच का भरोसा दिया है। जानकारी के अनुसार टेडवा क्षेत्र से होकर आने वाली यह माइनर नहर क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। नहर किसानों के खेतों के बीच से गुजरती है और खेती के लिए पानी उपलब्ध कराती है। आरोप है कि भानेगांव निवासी हरि ठाकरे ने नहर के पार (किनारे) को खोदकर उसका हिस्सा अपने निजी कार्य के लिए उपयोग कर लिया, जिससे नहर की संरचना प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा किसानों के हित में तैयार की गई सिंचाई व्यवस्थाओं को सुरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। यदि नहर के किनारों को नुकसान पहुंचाया जाता है तो इससे भविष्य में जल प्रवाह बाधित हो सकता है और इसका सीधा असर क्षेत्र के किसानों पर पड़ेगा। घटना को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखी जा रही है। मामले की जानकारी जल संसाधन विभाग के एसडीओ ऋतुल नखाते को दी गई। उन्होंने कहा कि शिकायत उनके संज्ञान में आई है और वे स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करेंगे। एसडीओ ने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल विभागीय जांच का इंतजार किया जा रहा है। किसानों का मानना है कि सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सिंचाई व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का साहस न कर सके।

### आरोपी के खिलाफ पीड़ित ने थाना प्रभारी को सौंपी लिखित शिकायत

# नौकरी लगवाने के नाम पर 3 लाख रूपये की धोखाधड़ी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का एक मामला सामने आया है। वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम जोड़ापाट कायदी निवासी एक कपड़ा व्यवसायी से उनकी बेटी को फूड इंस्पेक्टर बनाने के नाम पर करीब तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित ने वारासिवनी थाना प्रभारी पवन यादव को लिखित आवेदन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ जालसाजी, धोखाधड़ी और विश्वासघात की धाराओं में प्राथमिकी एफआईआर दर्ज कर कड़ी वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है।

**मंत्रालय और नेताओं के रसूख का दिया झांसा:**प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जोड़ापाट निवासी पीड़ित विजय कुमार पिता कुंजीलाल दमाहे 50 वर्ष की गांव में ही कपड़े की दुकान है। उनकी पुत्री संभ्या दमाहे 25 वर्ष ने भोपाल से एमबीए की पढ़ाई पूरी की है। पीड़ित ने बताया कि वर्ष 2018 में जब गांव में सडक़ निर्माण का कार्य चल रहा था तब नागपुर जफ र नगर गिट्टी खदान निवासी आरोपी जावेद खान वहां किराए से रहता था, जिससे उनका परिचय हुआ था। वर्ष 2024 में जावेद खान ने विजय कुमार से कहा कि नागपुर निवासी उसका एक परिचित सुरेंद्र तेलंगे का मुंबई मंत्रालय में बड़े नेताओं और आला अधिकारियों के बीच अच्छा प्रभाव रखता है। उसने झांसा दिया कि वह उनकी उच्च शिक्षित बेटी को फूड इंस्पेक्टर के पद पर स्थायी नौकरी लगवा सकता है। इस काम के एवज में आरोपियों ने कुल 9 लाख रुपये की मांग की थी।

आरोपियों की बातों में आकर पीड़ित विजय कुमार ने 3 और 4 अगस्त 2024 को फोन.पे के माध्यम से दो लाख रुपये सुरेंद्र तेलंगे के बैंक खाते में ट्रांसफ र कर दिए। इसके बाद आरोपी जावेद खान युवती की असली शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ नागपुर और फि र दो बार मुंबई स्थित मंत्रालय ले गया। वहां उसने मंत्रालय के कुछ विभागों में ले जाकर अधिकारियों से काम होने का नाटक किया। यही नहीं आरोपियों ने मुंबई के ही एक दफ्तर में युवती का फर्जी इंटरव्यू भी आयोजित कराया, ताकि पीड़ित को पूरा भरोसा हो जाए। इस दौरान यात्रा खर्च नगद और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए कुल मिलाकर करीब तीन लाख रुपये ऐंठ लिए गए। आरोपी लगातार आश्वासन देता रहा कि मंत्रालय में सारा काम हो चुका है और जल्द ही आधिकारिक नियुक्ति पत्र डाक द्वारा घर आ जाएगा। जब एक साल से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी जॉइनिंग लेटर नहीं आया, तो पीडित ने जावेद खान से कड़ाई से पूछताछ की। इस पर आरोपी टालमटोल करने लगा और मामला दबाने या नौकरी पक्की करने के नाम पर 18 लाख रुपये की और मांग करने लगा। खुद को ठगा हुआ महसूस होने पर पीड़ित विजय कुमार दमाहे ने वारासिवनी पुलिस थाने पहुंचकर थाना प्रभारी को दोनों नामजद आरोपियों जावेद खान और सुरेंद्र तेलंगे के खिलाफ फोन.पे ट्रांजैक्शन के सबूतों और मोबाइल नंबरों सहित लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आवेदन को जांच में ले लिया है।




क्षेत्र में लंबे समय से नौकरी लगाने के नाम पर रुपए ऐंठने और फि र फ रार हो जाने के मामले लंबे समय से सामने आ रहे हैं। हाल ही में शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी में कार्यरत जनभागीदारी कर्मचारी प्रीतम डहरवाल का मामला सामने आया था, जिसके द्वारा अपने एक साथी के साथ मिलकर बहुत से बेरोजगार युवक युवती से रुपए लेकर उन्हें नौकरी का झांसा दिया गया था। इसके पहले भी इस प्रकार के मामले सामने आ चुके हैं और अब यह एक नया मामला आया है। ऐसे में शासन प्रशासन को युवाओं को जागरूक करने और यह रुपए लेकर नौकरी लगने वाले गिरोह पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए ताकि दोबारा ऐसा कोई व्यक्ति किसी को झांसे में लेकर ना कर सके। वहीं शासन स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की भी आवश्यकता महसूस हो रही है।

## आदिवासी विकास परिषद ने दी श्रद्धांजलि



### कटंगी में मनाया गया धरती आबा बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** उलगुलान के नायक, जल-जंगल-जमीन के रक्षक और आदिवासी अस्मिता के प्रतीक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस मंगलवार 9 जून को कटंगी में श्रद्धा और गर्व के साथ मनाया गया। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद विकासखंड कटंगी के तत्वावधान में शहर के पाथरवाड़ा रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल के समक्ष विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोग, युवा और महिलाएं उपस्थित हुए। सभी ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जोहार बिरसा मुंडा, जल जंगल जमीन बचाओ और आदिवासी एकता जिंदाबाद के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम में परिषद के संरक्षक डी.एस. कुमरे, अध्यक्ष फूलसिंह परते, भूमका जेठूसिंह तेकाम, सखाराम इनवाती, सुरेंद्र गजभिए, मंगल चिचाम, अमीलाल मड़ावी, विनोद डहरवाल, तुलसी उईके, कांता परते, बाबूलाल परते सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन और युवा उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि बिरसा मुंडा सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की चेतना और संघर्ष का नाम हैं। वक्ताओं ने बताया कि 9 जून 1900 को मात्र 25 वर्ष की आयु में रांची जेल में ब्रिटिश साजिश के कारण धरती आबा बिरसा मुंडा का निधन हो गया था।

### दो साल की मेहनत पर फिरा पानी, एसडीएम से लगाई न्याय और कार्रवाई की गुहार

## मनरेगा के पौधों पर चली आग की साजिश! 50 फलदार वृक्ष जलकर राख, किसान ने लगाया पड़ोसी पर आरोप

हरिभूमि न्यूज लांजी।



पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से मनरेगा योजना के तहत लगाए गए फलदार पौधों को कथित रूप से आग के हवाले कर दिए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम थानेगांव निवासी किसान धनीराम येडे ने अपने खेत में लगे करीब 50 पौधों के जलकर नष्ट हो जाने पर पड़ोसी किसान पर गंभीर आरोप लगाते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लांजी को शिकायत सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में शासन की मनरेगा योजना के अंतर्गत धनीराम ऐडे के खेत की मेड़ पर कटहल, आम, अमरूद, जामुन, मुनगा और पपीता सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया था। किसान का कहना है कि बीते दो वर्षों से वह इन पौधों की नियमित देखभाल कर रहा था, जिसके चलते पौधे अच्छी तरह विकसित होकर बड़े हो चुके थे। लेकिन अचानक हुई आगजनी की घटना ने उसकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।

आवेदन में किसान ने आरोप लगाया है कि उसके खेत से लगे खेत के मालिक सुखराम पिता जयपाल ऐडे द्वारा कथित रूप से अंगार डालकर आग लगाई गई, जिससे मेड़ पर लगे लगभग 50 पौधे जलकर खाक हो गए। घटना से न केवल किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को भी बड़ा झटका लगा है। धनीराम ऐडे ने शिकायत में कहा है कि शासन की योजना के माध्यम से लगाए गए वृक्ष भविष्य में आय का स्त्रोत बनने वाले थे, लेकिन आगजनी के कारण उनका सपना टूट गया। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, नुकसान का आकलन करवाने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मामले की सूचना लांजी थाना को भी दी गई है। अब ग्रामीणों की नजर प्रशासनिक जांच और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## पीएम आवास योजना में सिस्टम फैलियर, 10 साल से पक्के घर का इंतजार

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पारडी का है कई ग्रामीण आज भी पीएम आवास का लाभ लेने इंतजार कर रहे हैं। आखिर किसकी लापरवाही के कारण ग्रामीणों को आज भी कच्चे और जर्जर मकानों में रहना पड़ रहा है। गरीब परिवार वर्षों से पक्के मकान की आस लगाए बैठे हैं। वहीं जर्जर मकानों में व झोपड़ी में रहने को मजबूर है।



बारिश के मौसम में हालात तो और भी खराब हो जाते हैं, हर पल खतरा बना रहता है, पीएम आवास योजना की सिस्टम में 10 साल पक्के घर का इंतजार कर रहे हैं ग्रामीण , पारडी पंचायत में पीएम आवास योजना पर सवाल 10 साल से दफ्तरों के चक्कर काट रहे ग्रामीण, जर्जर मकानों में रहने को मजबूर गरीब परिवार- पीएम आवास योजना में नाम फिर भी नहीं मिला मकान, ग्रामीणों का कहना है कि पीएम आवास योजना के बाद में वर्ष 2017-18 में पात्रता सूची में नाम आने के बावजूद भी परिवार आज तक योजना का लाभ नहीं मिला । झोपड़ी और जर्जर मकानों में गुर्जर रही जिंदगी, बारिश में हादसे का खतरा, बच्चों और बुजुर्गों की जान जोखिम में, पंचायत से लेकर कलेक्टर तक लगाई गुहार, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल तक पहुंची शिकायत, हमारे तहसील संवाददाता ने ग्राम पंचायत पारडी का निरीक्षण किया जहां कुछ गरीब परिवार ने अपनी परेशानी बताई ,ग्रामीण कच्चे झोपड़ी व जर्जर मकानों में रहते हैं, यह सच है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के व्यापक विस्तार के बावजूद भी कई पात्र परिवार गरीब को तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकार का दावा है कि कोई भी गरीब परिवार पक्के घर से वंचित न रहे, फिर भी नहीं हुई सुनवाई। पोर्टल की गलती या सिस्टम की। लापरवाही गरीबों को कब मिलेगा उनका हक, पीड़ित गरीब बीते 10 साल से आ पक्के मकान की आस लगाए बैठे हैं। हितग्राही श्रीमती वंदना बिसेन ने बताया कि मेरे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं मकान भी क्षतिग्रस्त है, बारिश में पानी भर जाता है, जहां जहरीले सांप बिच्छू आते हैं बच्चे व मेरा परिवार किस तरह रहता है, वह ऊपर वाला ही जानता है।

ग्राम पंचायत पारडी सचिव रुक्मिणी भगत का कहना है कि हम लोगों ने उनके घरों सर्वे कर ऊपर के अधिकारी को भेजा जा चुका है। उन्हें आवास प्लस योजना का लाभ देकर सूची में नाम दर्ज कर दिया है। लेकिन ऊपर के अधिकारी इन लोगों के खाते में कब राशि डालते हैं हमें यह नहीं मालूम।

# उर्वरकों का अवैध भंडारण एवं अधिक मूल्य पर विक्रय करने पर दो कृषि केंद्र संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में उर्वरकों के अवैध भंडारण एवं निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय करने के मामले में दो कृषि केंद्र संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सिवनी ने बताया कि विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी कि विकासखंड सिवनी के ग्राम बंडोल स्थित कुछ कृषि केंद्रों द्वारा उर्वरकों का अवैध भंडारण कर किसानों को मनमाने मूल्य पर विक्रय किया जा रहा है। शिकायत के सत्यापन हेतु जिला स्तरीय गुण नियंत्रण दल के अधिकारियों द्वारा किसान बनकर साहू कृषि केंद्र एवं साहू ट्रेडर्स, बंडोल में जांच की गई।

जांच के दौरान साहू कृषि केंद्र के संचालक अमित साहू द्वारा डीएपी उर्वरक का मूल्य 2400 रुपये प्रति बैग तथा साहू ट्रेडर्स के संचालक रोहित कुमार द्वारा 2500 रुपये प्रति बैग बताया गया। अधिकारियों द्वारा कृषक बनकर भुगतान किए जाने के उपरांत उर्वरक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गई, जिसके आधार पर आगे विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान साहू कृषि केंद्र के गोदाम में डीएपी सहित विभिन्न प्रकार के 159 बैग उर्वरक तथा साहू ट्रेडर्स के गोदाम में डीएपी एवं अन्य उर्वरकों के 329 बैग भंडारित पाए गए। संबंधित संचालकों द्वारा इन उर्वरकों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। साथ ही भंडारित उर्वरक ऑनलाइन पोर्टल एवं ई-विकास पोर्टल पर भी दर्ज नहीं पाए गए।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए साहू कृषि केंद्र संचालक अमित साहू एवं साहू ट्रेडर्स संचालक रोहित कुमार के विरुद्ध उर्वरकों के अवैध भंडारण तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय किया जाना पाये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत थाना बंडोल में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरकों की खरीद केवल अधिकृत विक्रेताओं से करें तथा निर्धारित मूल्य से अधिक राशि की मांग किए जाने पर तत्काल विभाग को सूचना दें। विभाग ने किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके एवं सिंगल सुपर फॉस्फेट (एसएसपी) उर्वरकों के उपयोग हेतु भी प्रोत्साहित किया है।

## ग्राम पंचायत कोहका (मानेगांव) में जल संकट और सचिव पर गंभीर आरोप, कलेक्टर से की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पंचायत कोहका (मानेगांव) के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर पंचायत क्षेत्र में पेयजल संकट तथा पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिकायत में बताया गया है कि मानेगांव में पिछले लगभग 10 दिनों से एलएनटी कंपनी द्वारा संचालित पानी की टंकी से नियमित जल आपूर्ति नहीं हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे गांववासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि पंचायत सचिव द्वारा वार्ड क्रमांक 7 में पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि समस्या बताने पर भी उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है।

इसके अलावा शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित सचिव पिछले करीब 10 वर्षों से पंचायत में पदस्थ हैं, लेकिन उनके कार्यकाल में ग्राम सभा की बैठकें नियमित रूप से नहीं हुईं, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्रभावित हुआ है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा पंचायत के सुचारू संचालन के लिए सचिव के स्थानांतरण पर विचार करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई: बिना वैध परमिट के संचालित बस पर 10,000 का जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला यातायात पुलिस सिवनी द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बस स्टैंड के बाहर सडक़ पर लापरवाहीपूर्वक खड़ी कर सवारी भर रही बस क्रमांक एमपी 51 पी 0139 को थाना प्रभारी यातायात द्वारा रोका गया। दस्तावेजों की जांच में पाया गया कि उक्त बस के पास कोई वैध परमिट नहीं है। बिना वैध परमिट के सवारी परिवहन को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी यातायात द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। नियम विरुद्ध संचालित उक्त बस पर 10,000 का जुर्माना अधिरोपित कर मौके पर ही समन शुल्क वसूल किया गया।

**कार्रवाई में शामिल स्टाफ**
सहायक उप निरीक्षक नानकराम पाल, आरक्षक राजेश सरयाम, आरक्षक चालक पंकज शर्मा।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकारिणी की हुई घोषणा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल,जिला सिवनी (इकाई बरघाट)द्वारा नगर प्रशिक्षण वर्ग एवं नवीन कार्यकारणी की घोषणा की गई ,जिसमें अनुराग पटले को नगर मंत्री, जितेंद्र अहिरवार को नगर अध्यक्ष, नियुक्त किया गया।
 जिसमें मुख्य रूप से सिवनी विभाग के(विभाग संगठन मंत्री) गौरव शुक्ला,सिवनी जिला के (जिला संयोजक) सुजल मिश्रा,बरघाट भाग के (भाग संयोजक) यश पवार एवं (पूर्व नगर मंत्री) दीपक पटले उपस्थित रहे। नगर प्रशिक्षण वर्ग में चार सत्रों के माध्यम से सभी कार्यकर्ता एवं विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद की विचारधारा एवं विद्यार्थी परिषद का परिचय एवं आचार्य पद्धति, कार्य पद्धति ,कार्यकर्ता व्यवहार, दायित्व बोध, जैसे विषयों पर सत्रों के माध्यम से विद्यार्थी एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया।

### जल संकट में मानवता की मिसाल: घंसौर में नि:शुल्क जल वितरण सेवा बनी लोगों की बड़ी राहत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर /भीषण गर्मी और लगातार गहराते जल संकट के बीच घंसौर क्षेत्र में एक सराहनीय सामाजिक पहल सामने आई है। क्षेत्र में जल स्त्रोतों के तेजी से सूखने और लगभग 90 प्रतिशत बोरवेलों के जलविहीन हो जाने के कारण आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे कठिन समय में सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए अनय आरओ वाटर द्वारा जनहित में निःशुल्क जल वितरण व्यवस्था शुरू की गई है, जो क्षेत्रवासियों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बन रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडला रोड स्थित जय जिनेंद्र पेट्रोल पंप के सामने प्रतिदिन निर्धारित समय पर निःशुल्क जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

### श्रीमती शीलादेवी सेवलानी का निधन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज एजेंसी सिवनी के संचालक अशोक कुमार सेवलानी, बलराम सेवलानी, प्रकाश सेवलानी, विनेश सेवलानी की माताजी श्रीमती शीलादेवी रूपचंद सेवलानी का 09 जून को स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कल बुधवार 10 जून को प्रातः 10 बजे नार्मल स्कूल मुंगवानी रोड स्थित मोक्षधाम में सम्पन्न होगा। स्व. श्रीमती सेवलानी अपने पीछे पुत्र-पुत्रवधु, नाती-पौतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई है। परमात्मा से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।



# बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि, सैकड़ों समाजजन हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



9 जून को महामानव धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस रानी दुर्गावती चौक में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों ने बिरसा मुंडा के त्याग, संघर्ष और आदिवासी समाज के उत्थान में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए समाज को एक नई दिशा प्रदान की थी और उनके विचार आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष तिरु चंदनलाल मर्सकोले, केवल सिंह परते, बाबूलाल बट्टी, अरविंद करोसिया, एडवोकेट सुरेंद्र वारमाटे, अशोक सिरसाम, संतोष बरकड़े, चिंटा सलामे, महेन्द्र काटेवार, देवी सिंह अरवे, तिरुमाय शोभारानी ठाकुर, सरोज मरावी, सुशीला कुंजाम, सविता नर्वेती, संध्या परते, इंदिरा बट्टी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों समाजबंधुओं ने भाग लिया और भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अनियमितताओं के बीच जेवनारा से पां. छपारा के बीच बन रहा पुल, जिम्मेदार मौन?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली के अंतिम सीमा क्षेत्र पर स्थित पां. छपारा क्षेत्र इस क्षेत्र के अंतर्गत 12 ग्राम पंचायत का समावेश है, कैपिटल पां. छपारा जहां पर अस्पताल, डाकघर, बिजली विभाग,वन विभाग और हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्रामीण बैंक, साप्ताहिक बैठकी बाजार आदि सुविधाएं लगभग हैं,अतः इसके आसपास के ग्रामीण अंचलों को पां. छपारा बाजार का ही रुख करना पड़ता है।

पांडिया छपारा से निकट ग्राम पंचायत जेवनारा के मध्य प्रवाहित बघेड़ा नाला जो विगत एक दो वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी के सडक़ मार्ग पर स्थित पुलिया पानी के कटाव और तीव्र बहाव की वजह से बह जाने के कारण उच्च स्तरीय पुल माननीय पूर्व विधायक साहब की अनुशंसा पर स्वीकृत किया गया है, यह कितनी राशी से इसका निर्माण कार्य हो रहा है, इसका उल्लेख ना ही कार्य प्रारंभ की तिथी ना ही निर्माण की अंतिम तिथी का उल्लेख है।



जिसका निर्माण कार्य लगभग अंतिम चरणों की ओर अग्रसर है, अभी तीन- चार दिवस पूर्व क्षेत्रिय संवाददाताओं ने इस पुल का निरीक्षण किया तो यहां पर लोहा बांधने का कार्य तीव्र गति से चल रहा था,उपस्थित मजदूरों से पूछने पर पता चला कि ना कोई साइड इंजीनियर मौके पर उपस्थित रहते हैं,ना ही कोई सुपरवाइजर इतना ही नहीं भीषण गर्मी में ना इस पुल की तराई ढंग से हो रही है, प्राप्त जानकारी के अनुसार नाला क्षेत्र से ही रेत का इस्तेमाल करके ठेकेदार रॉयल्टी रेत के बिल लगाकर निम्न स्तर की पुलिया निर्माण करते नजर आ रहे हैं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी प्रकार के कोई कार्य प्रगति पर है, स्लोगन वाले बोर्ड चिन्हित नहीं है, भीषण गर्मी और जल संकट के मध्य मात्र एक छोटा सा पानी के टैंकर के सहारे से इस उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट जिले की लामता निवासी आशीष जायसवाल इनकी प्राइवेट कंपनी जायसवाल कंस्ट्रक्शन के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी में इस पुल का ठेका जायसवाल कंस्ट्रक्शन को दे दिया है, जिनमें एक साइड सुपरवाइजर से इस संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उगली के निकट ग्राम मोहबर्रा और सारसडोल के मध्य भी एक पुलिया का निर्माण कार्य हो रहा है,अतः में दोनों पुलियों का निरीक्षण करता हूं,वर्तमान में अभी इंचार्ज में ही हूं लेकिन मोहबर्रा सारसडोल पुलिया और पां. छपारा से जेवनारा के मध्य उच्च स्तरिय पुल में इस्तेमाल होने वाले वही के लोकल नाला क्षेत्र से डस्ट वाली रेत का इस्तेमाल कर निम्न गुणवत्ता के साथ पुलों का निर्माण कार्य जारी है।

# कोतवाली पुलिस की कार्रवाई: कत्लखाने जा रहे 30 गौवंश को मुक्त कराए, ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने गोवंश अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई की।

दिनांक 08.06.2026 को मुखबिर सूचना पर छिंदवाड़ा रोड बायपास ब्रिज के ऊपर घेराबंदी कर एक आईसर ट्रक क्रमांक एमएच 29 बीई 6477 (यवतमाल) को रोका गया। ट्रक की तलाशी में कुल 30 नग गौवंश - 08 नग नाटे एवं 22 नग गाय - क्रूरता पूर्वक ठूंसकर ले जाए जा रहे थे। पुलिस को देखकर अज्ञात आरोपी रात्रि में अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए। सभी गौवंशों का पशु चिकित्सक से चिकित्सीय परीक्षण कराए जाने के पश्चात दयोदय गौशाला, बीझावाड़ा में सकुशल सुपुर्द कर जमा कराया गया। प्रयुक्त आईसर वाहन को जब्त कर लिया गया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।



**कार्रवाई में शामिल स्टाफ**
थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, एसआई राजेश शर्मा, एएसआई देवेंद्र जायसवाल (साइबर सेल), आरक्षक प्रतीक बघेल, रविंद्र सिंह, सौरभ

### 1 घंटे में 2 लापता बच्चे सकुशल दस्तयाब

पुलिस अधीक्षक कृष्णा लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर लापता हुए दो बच्चों को एक घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब किया। दिनांक 07.06.2026 को शाम 05 बजे सूचनाकर्ता विनोद साहू, निवासी आजाद वार्ड सिवनी, ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके 05 वर्षीय पुत्री एवं 03 वर्षीय पुत्र शाम 05 बजे घर से लापता हो गए हैं।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा तत्काल टीम गठित कर चीता स्टाफ एवं थाना स्टाफ को बच्चों की तलाश में लगाया गया। सघन तलाश एवं पतासाजी के परिणामस्वरूप दोनों बच्चों को लगभग 01 घंटे के भीतर सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। परिजनों ने बच्चों की त्वरित एवं सुरक्षित बरामदगी पर सिवनी पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# समय पर GSTR-1 दाखिल नहीं करने वालों पर जीएसटी विभाग की सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वस्तु एवं सेवा कर (GST) विभाग ने समय पर GSTR-1 रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले करदाताओं पर निगरानी बढ़ा दी है। विभाग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के बाद रिटर्न दाखिल करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जीएसटी नियमों के अनुसार मासिक रिटर्न दाखिल करने वाले करदाताओं के लिए GSTR-1 प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अगले माह की 11 तारीख निर्धारित है। समय-सीमा के बाद रिटर्न दाखिल करने पर सामान्य मामलों में 50 रुपये प्रतिदिन (25 रुपये CGST एवं 25 रुपये SGST) तथा निल रिटर्न की स्थिति में 20 रुपये प्रतिदिन (10 रुपये CGST एवं 10 रुपये SGST) की दर से लेट फीस देय होती है। विभाग ने बताया कि GSTR-1 दाखिल करने में विलंब का असर केवल संबंधित व्यापारी तक सीमित नहीं रहता, बल्कि खरीदारों को भी इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) प्राप्त करने में परेशानी होती है। बिक्री विवरण समय पर अपलोड नहीं होने से खरीदार का GSTR-2B अपडेट नहीं हो पाता, जिससे GSTR-3B रिटर्न दाखिल करने में भी विलंब हो सकता है। इसके अलावा कर भुगतान में देरी होने पर बकाया राशि पर 18 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होता है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि लगातार विलंब करने वाले करदाताओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जीएसटी विभाग ने व्यापारियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें और समय रहते बिक्री विवरणों का मिलान कर GSTR-1 रिटर्न दाखिल करें, ताकि लेट फीस, ब्याज, विभागीय कार्रवाई तथा खरीदारों के ITC संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।

# बेल्ट परीक्षा का हुआ सफल आयोजन बेल्ट पाकर सभी कराटे खिलाड़ी हुए खुश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।

गत रविवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में इंडियन कराटे के प्रमुख व मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हासी राजेंद्र सिंह तोमर के निर्देशानुसार सिवनी मुख्य प्रशिक्षक एन एस प्रजापति द्वारा कराटे बेल्ट परीक्षा ली गई जिसमें सुबह सांदीपनि विद्यालय ग्राउंड में कराटे के विभिन्न दांव पेच का प्रशिक्षण दिया गया एवं दोपहर बाद कराटे में काता कुमिते पंच टेक्निक व सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें येलो बेल्ट से लेकर ब्राउन बेल्ट तक परीक्षा ली गई यलो बेल्ट में मितांश राजपूत, भानु यादव, माही राजपूत,प्रथम नागौर, मोनी प्रजापति,यश बर्मन, रोहित मसराम, रश्मि मसराम, हाशिक प्रजापति, ग्रीन बेल्ट में अरनव साहू, दक्ष पाटर, पूर्वी पाटर, ऑरेंज बेल्ट में हुसैफ खान, हलीमा खान, रोजी खान, फैसल खान, चिन्मय जुमारे, ब्लू बेल्ट में मुनेश प्रजापति, पर्पल बेल्ट में तन्मय परते, अनुश्री सल्लाम, ब्राउन बेल्ट में रिया यादव, समर्थ राजपूत, भाग्यश्री सल्लाम ने प्राप्त किया कार्यक्रम के समापन पर बच्चों के माता-पिता गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे सभी खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दी गई।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 235 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 235 आवेदन प्राप्त हुए। आयोजित जन सुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती मीना ने आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की, तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं।



जनसुनवाई में तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम भोंगाखेडा निवासी संजय यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम मूंडापार निवासी लक्ष्मी राउत द्वारा इलाज के लिए सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम डोभ निवासी डालचंद द्वारा भूमि का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम इंदावाडी सिवनी निवासी अनुसूइया ब्रम्हे द्वारा एक्सीडेंट से पति की मृत्यु उपरांत सहायता दिलाये जाने विषयक, ग्राम टिग्गीटोला सिवनी निवासी सावित्री द्वारा भू-अभिलेख में नाम सुधार कराये जाने विषयक, महामाया वार्ड सिवनी निवासी रामकली उइके द्वारा आवास के लिए राशि दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम गंगई रैयत निवासी महेश बरमैया द्वारा आश्रित प्रमाण पत्र दिलाये जने विषयक, ग्राम कटिया सिवनी निवासी राजेश गौली द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाये जाने विषयक, ग्राम डोरली छतरपुर सिवनी निवासी लक्ष्मीचंद सनोडिया द्वारा राजस्व रिकार्ड में आर्डर के अनुसार अपडेशन कराये जाने विषयक, सिवनी निवासी कविता ब्रम्हे द्वारा डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने विषयक, ग्राम कुकलाह सिवनी निवासी कुंवर सिंह बघेल द्वारा बीपीएल राशन कार्ड बनवाने विषयक, तहसील केवलारी अंतर्गत ग्राम डुंगरिया निवासी भिकिया इनवाती द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम गोरखपुरकला बंडोल निवासी दिनेश भलावी द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम भिलमा निवासी रामकुमार पटेल द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत ग्राम सागर निवासी रश्मि उइके द्वारा जाति प्रमाण पत्र में जाति सुधार कराये जाने विषयक, ग्राम सिरमंगनी लखनादौन निवासी सरस्वती बाई द्वारा खसरा नक्शे में नाम दर्ज कराये जाने विषयक, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी निवासी अविनाश भलावी द्वारा मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम बिहिरिया निवासी मनीषा उइके द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम छिंदबर्री थाना कान्हीवाडा निवासी विष्णु कटरे द्वारा मृत्यु प्रमाण दिलाये जाने विषयक, ग्राम बीजाटोला केवलारी निवासी शारदा बिसेन द्वारा समग्र परिवार आईडी में नाम जोडने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम मानेगांव खुर्द निवासी गौरव चौहान द्वारा केसीसी लोन माफ किये जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए गए।

# विश्व साइकिल दिवस पर जिले में संडे ऑन साइकिल रैली का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत विश्व साइकिल दिवस 2026 के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम, सिवनी में संडे ऑन साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ईंधन बचत के प्रति जनसामान्य को प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लाल चंदानी के मुख्य आतिथ्य एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा की विशिष्ट उपस्थिति में हुआ। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन भी किया गया। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री कृष्ण लाल चंदानी ने अपने संबोधन में नियमित व्यायाम, साइकिलिंग, अनुशासन एवं स्वच्छ जीवनशैली के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं को फिट रहने का संदेश दिया। उद्बोधन के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया गया। रैली मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से प्रारंभ होकर निर्धारित मार्गों से होते हुए फुटबॉल स्टेडियम पहुंची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरणादायी नारे लगाकर जनजागरूकता का संदेश दिया। रैली में खिलाड़ियों, अभिभावकों, व्यायाम शिक्षकों, खेल संघों से जुड़े वरिष्ठ खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। फुटबॉल स्टेडियम में रैली के समापन उपरांत प्रतिभागियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया।



# जर्जर भवनों की पहचान और ध्वस्तीकरण के लिए जिला व अनुविभाग स्तरीय समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

 कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती नेहा मीना ने जिले में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों की पहचान, परीक्षण तथा आवश्यकतानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को गति देने के उद्देश्य से जिला एवं अनुविभाग स्तर पर समितियों का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार अनुविभाग स्तर पर गठित समिति में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी तथा संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत अथवा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति अपने क्षेत्र के जर्जर भवनों का परीक्षण कर प्रकरण जिला स्तरीय समिति को प्रस्तुत करेगी। जिला स्तरीय समिति की अध्यक्षता अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत करेंगी। समिति में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री तथा संबंधित विभाग प्रमुख सदस्य होंगे, जबकि डिप्टी कलेक्टर श्री विजय सेन को सदस्य सचिव बनाया गया है। आदेश के अनुसार अनुविभाग स्तरीय समिति द्वारा परीक्षण उपरांत प्रकरण जिला स्तरीय समिति को भेजे जाएंगे। जिला समिति द्वारा संपूर्ण कार्रवाई का परीक्षण कर निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर को नोडल अधिकारी के रूप में कार्यवाही पूर्ण कर जर्जर भवनों से संबंधित प्रकरण सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, ताकि जीर्ण-शीर्ण भवनों से संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

